## एक नजर में

### मोदी विचार मंच चलाएगा अभियान एक पेड मां के नाम



कुक्षी.पर्यावरण सरंक्षण के साथ नरेंद्र मोदी विचार मंच के नों सूत्रीय कार्यक्रम के तहत बारिश के मौसम में विशाल पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे. इस सम्बन्ध में मंच पदाधिकारी नें बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की.मंच के विधानसभा अध्यक्ष समाजसेवी दिलीप जैन सेकट्री नें बताया की हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के पर्यावरण संरक्षण के साथ %माँ के सम्मान卐 को समर्पित इस अभियान के माध्यम से मंच द्वारा नगर समाज को संदेश देने का कार्य होगा 卐एक पेड़ लगाइए माँ का नाम अमर कीजिए, और धरती माँ का भी ॠण चुकाइए।卐नगर अध्यक्ष युवा समाजसेवी कांतिलाल गेहलोत नें कहा की पर्यावरण सरंक्षण के साथ विचार मंच का नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में शीघ्र विस्तार किये जायेगा.जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं वंचित व्यक्ति से को जो?ा सके. बैठक में मंच के वरिष्ठ समाजसेवी लूणकरणजी गुप्ता, उद्योगपति और समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,वरिष्ठ एडवोकेट हरीशजी रेवा?िया,सुनीलजी तांतें?,मुकेश गुप्ता मौजूद थे.

### बाल साथी अभियान - सामग्री वितरण व पौधारोपण




धार ।शासकीय हाईस्कूल तलवाड़ा में बाल साथी अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा प्रतिमाह एक निश्चित राशि एकत्र कर विद्यालय के समस्त जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, पानी की बोतलें एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्री नरोत्तम वरकड़े उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में जिला परियोजना समन्वयक श्री प्रदीप खरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री बी. एम. चौरसिया, ग्राम पंचायत तलवाड़ा के सरपंच श्री गोपाल गिरवाल, तथा एस आर एफ फाउंडेशन से श्री अकरम सर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील पांडेय द्वारा प्रभावी रूप से किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक श्री जितेन्द्र सिंह राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और सभी अतिथियों द्वारा 卐एक पेड़ मां के नाम卐 अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की इस सकारात्मक पहल की सराहना की एवं इसे अनुकरणीय बताया।

### पिकनिक स्पॉटों पर धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब!

महू. तहसील महू के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दोनों अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है. पिकनिक स्पॉट के अलावा जगह-जगह दुकानों व पान



की गुमटियों पर देसी विदेशी शराब की बिक्री हो रही है। आसपास क्षेत्र की वाइन शॉप से डायरी बनवा कर शराब भिजवाई जा रही है. इसी शराबखोरी के तहत मंगलवार को मानपुर थाना क्षेत्र के हासलपुर में देर शाम को अवैध शराब बेचने वालों की धड़पकड़ की गई. क्षेत्र में लगातार अवैध शराब खोरी के चलतें मानपुर टीआई लोकेन्द्रसिंह हिहोर के निर्देश पर थाने ने कार्यवाही करते हुए हासलपुर मेन गली निवासी दिपेश प्रहलाद मीणा के यहा तकरीबन दो घंटे तक छापामार कार्यवाई की गई। इस दौरान टीम के उपनिरीक्षक त्रिलोक बडगडे, आरक्षक सुशांत सिंह रघुवंशी, कमल केथवास, राहुल यादव द्वारा की गई कार्रवाई में विदेशी शराब के साथ ही देशी शराब 25 लीटर बरामद की गई है। मौके से शराब बेचने वाला दिपेश फरार हो गया। जिस पर आबकारी विभाग ने धारा 34/1 की के तहत कार्यवाही की गई. महू के पिकनिक स्पॉट पातालपानी, जाम गेट, शीतला माता फॉल, तिछाफाल सहित तमाम पर्यटक स्थलों पर भी गुमटियों पर अवैध शराब बेची जा रही है. इन दिनों हरियालियों की वादियों को देखने के लिए युवाओं की टोलियां यहां पहुंचती है और यहां से शराब खरीद कर नशे में धूत होकर खतरनाक स्थान पर पहुंचकर हादसे का शिकार होते हैं. बावजूद इसके पुलिस प्रशासन इन स्थानों पर बेचने वाले शराब माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं करती है.

### भट्टे सरकार बालाजी मंदिर पर श्रीराम कथा आज से

महू. लालजी की बस्ती स्थित भट्टे सरकार बालाजी मंदिर प्रांगण में 10 से 19 जुलाई तक सार्वजनिक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है. राम भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में युवाचार्य अभिषेक कृष्ण महाराज कथा वाचन करेंगे. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. कथा आयोजन की शुरुआत 10 जुलाई को प्रात: 10 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जो काली माता मंदिर, सात रास्ता से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुँचेगी. समापन दिवस 19 जुलाई को हवन, पूर्ण आहुति एवं भंडारा (प्रसादी वितरण) के साथ किया जाएगा. आयोजकों ने नगरवासियों एवं राम भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.

### मिलेनियम कॉलोनी में चल रहा था जुए का अड्डा

इंदौर. शहर में जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस ने मिलेनियम कॉलोनी में दबिश देकर कुछ जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा. मौके से नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं. गांधी नगर पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सूरज, राधेश्याम समेत अन्य लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा. आरोपी खुलेआम कॉलोनी में ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे. गांधीनगर पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि इलाके में इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी ऐसे अड्ढों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# अतिक्रमण हटाने पहुंचा प्रशासन, व्यापारियों को दी सख्त चेतावनी

**नागदा (धार)। व्यवसायियों द्वारा सड़क पर सामान या किसी भी प्रकार की सामग्री न रखें, अन्यथा हमें कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आपके द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण से दिनभर आवाजाही में बड़ी परेशानी होती है और जाम जैसी स्थिति निर्मित न हो, उसके लिए व्यापारी सहयोग करें।**

निर्देश देते हुए उक्त बातें नागदा बस स्टैंड सर्विस रोड से मंडी रोड तक के बेतहाशा हो रहे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सुनील पीड़ियार ने कही।



अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा नागदा जनसुनवाई में 10 जून को आवेदन दिया था, वहीं ग्राम पंचायत द्वारा व्यापारियों को दुकान के बाहर अपना सामान हटाने को लेकर नोटिस जारी किए थे, लेकिन नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने की दशा में कार्रवाई की गई।

सुबह से ही नायब तहसीलदार सुनील पीड़ियार, कानवन थाना प्रभारी अभय नेमा, पटवारी, कोटवार तथा कानवन पुलिस बल के साथ पहुँचे।

अतिक्रमण हटाने के दौरान कई व्यवसायी अधिकारियों से नोकझोंक करते दिखे। जिन्हें समझाइश देते हुए सामान हटवाया गया।

अतिक्रमण की कार्रवाई को देखते ही सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान खुश दिखे।

जैसे ही सर्विस रोड पर कार्रवाई शुरू हुई, मंडी रोड के कई व्यवसायी तत्काल अपना सामान हटाते दिखे।

ज्ञात हो कि नागदा बस स्टैंड से सर्विस रोड नागदा पहुँच मार्ग के दोनों ओर व्यापारियों द्वारा अपनी दुकान के बाहर सामान व दुकान के बोर्ड सड़क से सटाकर रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे रोड सकरी होने से दिनभर मुख्य सड़क पर जाम जैसे हालात निर्मित होते थे।

कार्रवाई के दौरान नागदा सरपंच पन्नालाल कोली, सचिव नित्यानंद उपाध्याय, सहायक सचिव जितेन्द्र सिंह राठौर, पंचायतकर्मी कैलाश चौहान व 10 से अधिक पटवारी, महिला पुलिसकर्मी, नायब तहसील एवं थाना प्रभारी के साथ दिखे।

नायब तहसीलदार सुनील पीड़ियार ने पंचायत सचिव उपाध्याय को निर्देशित किया कि दोबारा कोई व्यवसायी सामान रखकर सड़क अवरुद्ध करने की कोशिश करे तो तत्काल सामान जब्त किया जाए, ताकि आगे से जाम जैसे हालात न बनें।

## गायत्री शक्तिपीठ मनावर में हर्षोल्लास से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

**मनावर** -गायत्री शक्तिपीठ मनावर में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया, गायत्री शक्तिपीठ मनावर में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष रचनात्मक प्रक्रियाओं के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया गया जिसमें कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 12 घंटे का अखंड जप एक दिन पूर्व ही संपन्न कराया गया तथा पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रात: ध्यान, साधना, के पश्चात नव कुंडीय हवन, संस्कार प्रकोष्ठ ,गुरु दीक्षा, साधना संकल्प, ॠषि संदेश, एवं अंत में भव्य भोजन भंडारे के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ मनावर में इस वर्ष 40 साल की इतिहास में सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिला जिसमें हजारों के तादात मे श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक लाभ लिया कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र तहसील मनावर के आसपास क्षेत्र के सभी ग्रामों से गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा स परिवार उपस्थिति दर्ज कराकर नौ कुंडीय हवन ॠषि संदेश के साथ साधना



का संकल्प लेते हुए सभी ने गुरु निष्ठा परिचय दिया, कार्यक्रम में ग्राम अजंदी मांन, देवरा, सीतापुरी डोंचा, भानपुरा, दसई, मोरार, खंडलई, अजंदा, सहित अन्य सभी गांव के कार्यकर्ता आरंभ से लेकर अंत तक उपस्थित रहे, कार्यक्रम में पटेल कॉलोनी के सभी सदस्यों ने नौ कुंडीय हवन एवं भव्य भंडारा में विशेष सेवा और सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेष उत्तम व्यवस्था शक्तिपीठ प्रबंधक श्री योगेश मालवीय जी द्वारा किया गया। गुरु दीक्षा विशेष प्रताप अंचल एवं धन्नालाल पाटीदार द्वारा गुरु संदेश से लोगों में प्रेरणा भरी गई कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ मनावर के परिव्राजक पंडित राकेश पुरोहित जी ने किया। कार्यक्रम में नगर मनावर एवं पटेल कॉलोनी सहित गायत्री परिवार के सभी ट्रस्टगण और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने स्तर से तन ,मन, धन, एवं समय का योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।*



## गोवंश सिर मिलने पर हिंदू समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

टांडा(धार)- टांडा में गुरुवार दोपहर को गोवंश का कटा सर मिलने से हड़कंप मच गया। जैसे ही इसकी खबर नगर में फैली हिंदू समाज के लोग मौके पर पहुंचे एवं विरोध प्रकट किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंची। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर में सूचना मिली नदी के पार खेत के समीप गोवंश का कटा हुआ सर पड़ा है। धीरे-धीरे हिंदू समाज के लोग वहां पर जुटने लगे हैं लोगों ने गड्ढा खोदकर विधिवत अंतिम संस्कार करवाया। शाम 6-00 ॠग मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से विरोध स्वरूप हिंदू समाज ने नारे लगाकर नगर में रैली निकाली व थाने पर पहुंचा। एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि शंकर मंदिर से कुछ दूरी पर नदी किनारे असामाजिक तत्वों द्वारा नदी किनारे जिंदा गौवंश को काटकर फेंका गया है। एवं कई अंग भी अपमानजनक तरीके से इधर-उधर फेके गए हैं। जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं हाथ हुई है वही समाजजन ने बताया कि ऐसी घटना क्षेत्र में पहले भी हो चुकी है। समाजजन ने थाना प्रभारी से मांग की है कि उक्त मामले में दो दिन के अंदर संज्ञान लेते हुए आरोपियों पर ठोस कार्रवाई की जाए।



## गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया...

### विद्यार्थियों को दी समझाइश....

**लाबरिया**-गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिनांक 10/07/2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया में राजोद थाने के थानेदार श्री हीरूसिंह रावत ने 9 वी से 12 वी सभी छात्र छात्राओं से सामूहिक चर्चा की और बच्चो को समझाया कि वे निर्भय होकर यूनिफॉर्म पहनकर विद्यालय में आवे ,और किसी भी प्रकार की परेशानी या कोई अभद्र हरकते करे तो तुरंत विद्यालय और पुलिस को सूचना देवे। विद्यालय में इसके बाद गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। जिसमें सभी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला , गुरु का शिष्य के



जीवन में महत्व को समझाया.।तथा विद्यार्थियों को अच्छी पढाई कर टापर आने पर अपने माता पिता और गाव का नाम रोशन करने को लेकर बताया गया. अवसर पर राजोद थाना की टीम जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राजेंद्र सिंह राठौर (कालू बना) सरपंच प्रतिनिधि रमेश ओसारी ,पत्रकार मयंक जायसवाल , श्री राम मारू, राहुल ओसारी विद्यायल के प्रभारी प्राचार्य दिलीप गेहलोद जनशिक्षक अश्विनी शर्मा सहित समस्त स्टाफ ,ग्रामीण जन छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## नागदा में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा

नागदा (धार)। गुरु पूर्णिमा पर्व गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरु भक्त अपने गुरुजनों का पूजन कर आशीर्वाद लेते दिखे।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर श्री रामशरणम् सत्संग भवन में प्रात: अमृतवाणी का पाठ किया गया। तत्पश्चात साधकों द्वारा संकीर्तन, भजन एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। शाम 6 बजे से प्रात: 6 बजे तक अखंड जाप श्री रामशरणम् सत्संग भवन पर साधकों द्वारा किया गया एवं गुरु पूजन किया गया।



भक्तों द्वारा भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की गई तथा अपने गुरु के चरण स्पर्श कर शुभाशीष प्राप्त किया। मंदिरों में भक्तों ने अभिषेक एवं पूजन-पाठ भी किया। अति प्राचीन श्री नागेश्वरधाम मंदिर पर पं. पवन दुबे व भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई, जहां भक्तों ने गुरु पूजन भी किया।

सैकड़ों भक्तों ने नागेश्वर मित्र मंडल व अन्य भक्तों द्वारा आयोजित भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण की। शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय नयापुरा-माकनी में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कौशल ने गुरु पूर्णिमा पर्व की महिमा विद्यार्थियों को बताई।

सांदीपनि शा. उ. मा. वि. संस्था में भी छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया एवं उनका सम्मान किया।

### गुरु दीवार नहीं गुरु द्वार है व्याख्यानमाला का आयोजन

मनावर- स्थानीय विद्योदय महाविद्यालय में भारतीय सनातन संस्कृति मैं गुरु की महिमा मंडित करने एवं गुरुओं के प्रति आभार समर्पित करने वाले पर्व गुरु पूर्णिमा का आयोजन %%गुरु दीवार नहीं द्वार है%% विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य डॉ. अजय वाघे द्वारा वर्तमान समय में गुरु की भूमिका एवं उनकी प्रासंगिकता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा भी गुरु की महत्ता एवं उनके योगदानों के माध्यम से अपने गुरुजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो. आर.एस. मुकाती, प्रो. संतोष शर्मा, प्रो. बालाजी अवसरकर द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए।

धर्म-आस्था

**यह पर्व आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसे महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी जाना जाता है**

## चरित्र निर्माण में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका : वास्केल

**बाकानेर**- गुरु पूर्णिमा हमारे जीवन में गुरुओं के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने का दिन है। यह पर्व आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसे महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी जाना जाता है।

गुरु वह दीपक हैं जो हमारे जीवन के अंधकार को दूर करके हमें सफलता की राह दिखाते हैं। वे हमारे चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है — गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु



देवो महेश्वर- इस मंत्र से गुरु की महानता झलकती है। उक्त बात पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या किरण वास्केल ने अपने उद्बोधन में छात्रोंओ से कहीं । इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं ने अपने गुरुओं का तिलक लगाकर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छात्राओं को मार्गदर्शन दिया? कार्यक्रम का संचालन शिक्षण का रामकौर मंडलोई ने किया तथा आभार बसंता अलावा ने माना